राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र ने राष्ट्रपति को राजभवन से भावभरी विदाई दी

जयपुर, 14 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को बुधवार को राजभवन से लौटने पर भावभरी विदाई दी। राज्यपाल श्री मिश्र ने इस दौरान श्रीमती मुर्मू को मिनिएचर आर्ट की मयूर प्रतिमा भी स्मृति चिन्ह स्वरूप भेंट की। राष्ट्रपति ने भी राज्यपाल का अपनी ओर से शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू मंगलवार सांय जयपुर पहुंची थी और उन्होंने रात्रि विश्राम राजभवन विश्राम गृह में ही किया था।